प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

28 अगस्त 2023

एफ़एसडीसी उप-समिति की 30वीं बैठक

वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी-एससी) की उप-समिति की बैठक आज भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई में आयोजित की गई। श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैठक की अध्यक्षता की।

उप-समिति ने प्रमुख वैश्विक तथा घरेलू समष्टि आर्थिक और वित्तीय गतिविधियों, इसके दायरे में आने वाले विभिन्न प्रौद्योगिकी समूहों के भारतीय वित्तीय क्षेत्र की गतिविधियों से संबंधित अंतर-विनियामकीय समन्वय के मामलों तथा विभिन्न राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों में राज्य स्तरीय समन्वय समितियों (एसएलसीसी) के कामकाज की समीक्षा की।

एफएसडीसी-एससी ने भारतीय वित्तीय प्रणाली के साथ-साथ समष्टि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में किसी भी असुरक्षितताओं, विशेष रूप से गतिशील और अनिश्चित विश्व में वैश्विक प्रभाव विस्तार से, के प्रति सतर्क रहने तथा सुदृढ़, धारणीय और समावेशी संवृद्धि प्राप्त करने के लिए वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

बैठक में उप-समिति के सदस्यों, डॉ. टी. वी. सोमनाथन, वित्त सचिव एवं सचिव, व्यय विभाग; डॉ. विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग; श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, राजस्व विभाग; डॉ. मनोज गोविल, सचिव, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय; सुश्री माधबी पुरी बुच, अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी); श्री देबाशीष पंडा, अध्यक्ष, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई); डॉ. दीपक मोहंती, अध्यक्ष, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए); श्री के. राजारमन, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए), श्री रवि मित्तल, अध्यक्ष, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई); भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर - डॉ. माइकल देवब्रत पात्र, श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे. और डॉ. ओ. पी.मल्ल, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने भाग लिया।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/822